जय-तिथि-पत्रक

श्री वीर-निर्वाण संवत्
२५४६-२५४७
विक्रम संवत् २०७७

तेरापंथ संवत्
२६०-२६१
ईस्वी सन् २०२०-२०२१

सम्पादक : मुनि उदितकुमार

जैन विश्व भारती
लाडनूं - 341306 (राजस्थान)
दूरभाष : 01581-226025, 224671, 226080, फैक्स : 01581-227280
E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

अहिंसा यात्रा

₹20

जैन विश्व भारती

मानवीय मूल्यों को समर्पित संस्था

प्रमुख गतिविधियां : एक नजर

शिक्षा :

- जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय)
- विमल विद्या विहार सीनियर सैकण्डरी स्कूल
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, टमकोर
- महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर
- समण संस्कृति संकाय
- केन्द्रीय जीवन विज्ञान अकादमी

सेवा :

- सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला
- श्रीमद् आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र, बीदासर
- स्व. माणकचन्द मनोहरी देवी दूगड़ आयुर्वेद चिकित्सालय, बीदासर
- विद्युत चुम्बकीय चिकित्सा केन्द्र
- समणी केन्द्र व्यवस्था

साहित्य :

- प्रकाशन एवं वितरण
- आगम मंथन प्रतियोगिता
- इतिहास मंथन प्रतियोगिता

संस्कृति :

- तुलसी कला दीर्घा (आर्ट गैलेरी)

शोध :

- आगम सम्पादन
- हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपियों की सुरक्षा एवं संरक्षण

समन्वय :

- पुरस्कार एवं सम्मान
- विदेशों में प्रचार–प्रसार

साधना :

- प्रेक्षाध्यान
- प्रेक्षाध्यान पत्रिका

उक्त सभी गतिविधियों में संपूर्ण समाज की सहभागिता एवं सहयोग हेतु सादर निवेदन

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

जैन विश्व भारती

पोस्ट : लाडनूं–341306, जिला : नागौर (राज.) फोन : 01581–226080 I 224671

E-mail : jainvishvabharati@yahoo.com, Visit us at : www.jvbharati.org

आशीर्वचन

जैन विश्व भारती के परिसर का कण-कण जप-तप से भावित है। भिक्षु विहार में अनवरत जप-तप की तरंगें प्रवाहित होती रहती है। प्रज्ञालोक में अध्यात्म चिंतन और ध्यान के विकिरण सतत संचरित रहते हैं। तुलसी अध्यात्म नीडम् का वायब्रेशन उस समूचे भाग को प्रभावित करता है। आगम, शोध व सम्पादन के क्रम में आगमों के पाठ का पारायण होता रहता है। मुझे तो लगता है कि यहां अध्यात्म का वातावरण है, इसलिए यहां आने वाले अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव करते हैं। मेरा एक सुझाव है कि यहां आने वाले ध्याता बनकर आएं और ध्येय के प्रति समर्पित रहें। ऐसा होने पर प्रसन्नता और पवित्रता हर पल आपकी परिक्रमा करती रहेगी।

- आचार्य तुलसी

जैन विश्व भारती और जैन विश्व भारती संस्थान जैन विद्या के विश्व प्रसिद्ध केन्द्र हैं। जैन विश्व भारती के पास ज्ञान की विशाल राशि है। इसकी मिट्टी में सात सकारों के बीज हैं। आचार्यश्री तुलसी का तप तेजस्वी सूर्य है, जो इसकी उर्वरा को बढ़ाएगा। ज्ञान का स्रोत है, दर्शन का संरक्षण है, चरित्र की हवा है। जिससे यह बगीचा प्राच्य विद्याओं के फूलों की सुगंध को, सुवास को क्षितिज पर फैलाएगा। उस सुवास और सौरभ से विश्व मानस प्रभावित हो, जीवन बोध पाएगा।

- आचार्य महाप्रज्ञ

जैन विश्व भारती एक गौरवशाली संस्था है। उसके द्वारा जैन विद्या, शिक्षा, साहित्य, प्रेक्षाध्यान, जीवन विज्ञान जैसी विभिन्न महत्त्वपूर्ण गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। परमपूज्य गुरुदेव तुलसी और परमपूज्य आचार्य महाप्रज्ञजी का महनीय मार्गदर्शन इस संस्था को प्राप्त हुआ। जैन विश्व भारती संस्थान (मान्य विश्वविद्यालय) उसके साथ जुड़ा हुआ है। लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती परिसर मुनिवृंद, समणीवृंद और मुमुक्षुवृंद का भी आवास स्थल बना हुआ है। तेरापंथ समाज मानों इस माने भी भाग्यशाली है कि उसके पास इतनी बड़ी संस्था है। यह संस्था आध्यात्मिक आरोहण करती रहे तथा समाज को आध्यात्मिक पोषण देती रहे। शुभाशंसा।

- आचार्य महाश्रमण

अपनी आलोचना का जवाब जबान से नहीं,
अपने महत्त्वपूर्ण कार्यों से दो।

-आचार्य महाश्रमण

'श्रद्धानिष्ठ श्रावक'
स्व. हनुमानमलजी दूगड़ 'जौहरी' की पुण्य स्मृति में

: श्रद्धावनत :

'श्रद्धा की प्रतिमूर्ति' गिन्नीदेवी दूगड़
मदनचंद, आलोक, अजित दूगड़ समस्त 'जौहरी' दूगड़ परिवार
(सरदारशहर-मुम्बई-सूरत)

DC-4220, Bharat Diamond Bourse
Bandra Kurla Complex, Bandra (E) Mumbai-400051
T : 022-23611056/57/58 | F : 022-23611055
E : royal_diam@hotmail.com

Royal Diam

701-702, Gangotri Tower, Kesarba Market
Gotalawadi, Katargam, Surat - 395004
T : 0261-2531700, 2532800
F : 0261-2531100

प्रकाशकीय

जैन विश्व भारती के समण संस्कृति संकाय द्वारा विगत 42 वर्षों से मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर जय-तिथि-पत्रक का प्रकाशन प्रतिवर्ष निरंतर किया जा रहा है। सन् 2019 से प्रकाशन कार्य का दायित्व जैन विश्व भारती साहित्य विभाग द्वारा लिया गया है। इसी क्रम में 156वें मर्यादा महोत्सव के पावन अवसर पर संवत् 2077 का जय-तिथि-पत्रक सुधी पाठकों के हाथों में प्रस्तुत करते हुए हमें हार्दिक प्रसन्नता है। जय-तिथि-पत्रक में ज्योतिषीय सूचनाओं, विशेष पर्वों, महत्त्वपूर्ण दिवसों व अनुष्ठानों के साथ-साथ संस्थाओं एवं विभिन्न संघीय गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि से संबंधित उपयोगी सामग्री प्रकाशित की गई है।

'शासन स्तंभ' मंत्रीमुनि श्री सुमेरमलजी ने जय-तिथि-पत्रक संपादन के गुरुतर दायित्व का सन् 1984 से निरंतर सम्यक् निर्वहन किया। इस वर्ष श्रद्धेय मंत्रीमुनिश्री का देवलोकगमन हो गया। मुनिश्री ने इतने वर्षों तक दैनंदिन आवश्यकता की ज्योतिषीय सूचना-सामग्री प्रस्तुत करने की कृपा की, हम मंत्री मुनिश्री के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। परमाराध्य आचार्यप्रवर के निर्देशानुसार मुनिश्री उदितकुमारजी ने जय तिथि पत्रक का संपादन किया है। मुनिश्री के महनीय मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। श्री जीतमल नाहटा, कोलकाता का सामग्री संकलन कार्य में वर्षों तक सहयोग प्राप्त हुआ। इस वर्ष उनका निधन हो गया। नाहटाजी के प्रति हार्दिक आभार एवं श्रद्धांजलि। इस वर्ष इस कार्य में श्री प्रवीण सुराणा (कोलकाता) का सहयोग प्राप्त हुआ।

जय-तिथि-पत्रक के प्रकाशन के लिए हमें अनेक महानुभावों का आर्थिक सौजन्य प्राप्त हुआ है। उनका उदार सहयोग-भाव संस्था की प्रवृत्तियों को गतिशील रखने में योगभूत बनता है। सभी अनुदानदाताओं के प्रति हम हार्दिक आभार ज्ञापित करते हैं। प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस कार्य में सहयोगी सभी महानुभावों के सहयोग हेतु आभार।

विश्वास है कि जय-तिथि-पत्रक 2077 की सामग्री सभी उपयोगकर्ताओं के लिए महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी सिद्ध होगी तथा इसमें प्रस्तुत सामग्री से उपयोगकर्ता त्याग-प्रत्याख्यान के लिए प्रेरित होंगे।

अरविन्द संचेती
अध्यक्ष, जैन विश्व भारती

धरमचंद लुंकड़
विभागाध्यक्ष, आदर्श साहित्य विभाग

गौरव जैन मांडोत
मंत्री, जैन विश्व भारती

01 जनवरी, 2020

अध्यक्ष की कलम से

जैन विश्व भारती समाज की एक गौरवपूर्ण संस्था है। प्रथम अनुशास्ता आचार्यश्री तुलसी से लेकर तृतीय अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी जैसे धर्मसंघ के तीन-तीन आचार्यों के सुदीर्घ मार्गदर्शन एवं सान्निध्य की अधिकारी यह कामधेनु रही है। आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के शब्दों में निर्माण की पुरोधा इस संस्था की गतिविधियां व्यापक है। इन सभी गतिविधियों का प्रयोजन भारतीय संस्कृति विशेषतः जैन संस्कृति के मूल में बसे हुए मानवीय मूल्यों को प्रकाश में लाना है। इन गतिविधियों का मूल उद्देश्य गणाधिपति तुलसी द्वारा स्थापित एवं पूज्य आचार्यश्री महाश्रमण द्वारा विकसित सत्य, अहिंसा, मानवीय एकता, नैतिक उत्थान एवं शिक्षा के नवीन स्वरूप को स्थापित करना है। जैन विश्व भारती सही मायने में वह अलौकिक गौ है जो सभी महत्त्वाकांक्षाओं को पूर्ण कर सकती है।

जैन विश्व भारती के माध्यम से समस्त मानव जाति की जागतिक समस्याओं का सटीक समाधान संभव है। यही स्वप्न था गुरुदेव तुलसी का, अध्यात्म योगी आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का और यही स्वप्न है महातपस्वी युवामनीषी आचार्यश्री महाश्रमणजी का। इस संस्था के अमिट चिह्न, उपलब्धियां एवं रचनात्मक स्थितियां सकल समाज की देन है। सप्त सकार को केन्द्र में रखकर कार्य करने वाली यह संस्था गुरु के आशीर्वाद, समाज के सहयोग एवं सक्षम कार्यकर्ताओं के प्रयासों के फलस्वरूप अनेक मानव कल्याणकारी गतिविधियों का संचालन कर रही है। समाज का विशिष्ट एवं महत्त्वपूर्ण सहयोग इस संघीय संस्था को सदैव प्राप्त रहा है। जैन विश्व भारती का समृद्ध साहित्य, समुन्नत साधना, सम्पन्न संस्कार आदि ऐसी निधियां है, जिनके संरक्षण का सौभाग्य सम्पूर्ण समाज को प्राप्त हुआ है।

परमपूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी का जन्म शताब्दी वर्ष एवं जैन विश्व भारती का स्वर्ण जयंती वर्ष ऐसी दो महत्त्वपूर्ण थातियां सिद्ध होंगी जिसे इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जायेगा।

हम सबका यह दायित्व बनता है कि हमारी सृजन चेतना एवं रचनात्मक सोच दिन प्रतिदिन उर्वरा बनी रहे और हम गुरुदेव तुलसी की इस कामधेनु को, इस संस्थान को सार्थक आयाम देने के लिए कृतसंकल्प रहें।

1 जनवरी 2020

अरविन्द संचेती
अध्यक्ष
जैन विश्व भारती

मर्यादा महोत्सव क्षेत्र 'हुबली' : एक परिचय

हुबली कर्नाटक राज्य का एक प्रमुख शहर है, जो उत्तर कर्नाटक की राजधानी अथवा छोटा मुंबई के नाम से भी प्रसिद्ध है। हुबली धारवाड़ का जुड़वा शहर है तथा बेंगलुरु के पश्चात् कर्नाटक राज्य में दूसरा विकासशील शहर है। हुबली शब्द की उत्पत्ति हुब्बल्ली शब्द से हुई, जिसे स्थानीय भाषा में हू (फूल) बल्ली (स्टेन) से हुई। हुबली एक ऐतिहासिक शहर है, जिसका निर्माण चालुक्य वंश के समय में हुआ तथा इसे पूर्व में रायना हुबली, इलैया पुरावदहल्ली और पूरबहल्ली के नामों से भी जाना जाता है।

विजयनगर के राजाओं के शासनकाल में रायरा हुबली कपास व लौहे के व्यापार का प्रमुख केन्द्र बन गया था। हुबली अक्सर मराठाओं अंग्रेजों व मुगलों के निशाने पर रहा। अंग्रेजों द्वारा औद्योगिक दृष्टि से हुबली में एक कारखाना स्थापित किया गया था, जिसे सन् १९६५ ई. में छत्रपति शिवाजी द्वारा लूट लिया गया था।

हुबली कुछ समय के लिए मुगलों के भी अधीन रहा था, जिसके अंतर्गत मुगलों द्वारा पूरे शहर को नष्ट कर दिया गया था, उसके पश्चात् दुर्गबदेल के आसपास बसप्पा शेट्टी नाम के व्यापारी ने नए कस्बे को बसाया। उसके पश्चात् सन् १७५५-५६ ई. में मराठाओं ने कब्जा कर लिया तथा उसके पश्चात् हैदरअली ने भी मराठाओं से छीन कर अपने कब्जे में कर लिया लेकिन सन् १७९० ई. में पुनः मराठाओं ने वापिस इसे अपने कब्जे में कर लिया। सन् १८१७ ई. में पुरानी हुबली अंग्रेजों के अधीन हो गई तथा सन् १८२० में नई हुबली को भी अंग्रेजी ने अपने अधीन कर लिया।

यातायात की सुविधाएं

हुबली पूरे भारतवर्ष से रेल, सड़क एवं वायु मार्ग से जुड़ा हुआ है। देश के किसी भी हिस्से में आने-जाने की सुविधा यहां से रेल द्वारा मिल जाती है। यहां का हवाई अड्डा राष्ट्रीय उड़ानों को संचालित करता है जो कि वर्तमान में किसी भी स्थान पर पहुंचने में मददगार साबित होता है।

पर्यटन स्थल

हुबली एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण के रूप में उभरा हुआ है। इसके प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में भवानीशंकर मंदिर, असार, सिद्धरूधा मठ, उन्कल झील, नृपटूंगा बेट्टा और ग्लास हाउस शामिल है। गोवा १९० किमी., दांदेली १२० किमी. मुरदेश्वर २१० किमी., जोग फाल्स १६२ किमी., होस्पेट बांध १५० किमी., हम्पी १६० किमी., गोल गुम्बज २०० किमी. आदि इसके नजदीकी पर्यटक स्थल हैं।

औद्योगिक नगरी

सन् १८८० ई. में अंग्रेजों ने एक रेल्वे कारखाने की शुरूआत की, जिसके कारण यह शहर आज प्रसिद्ध औद्योगिक क्षेत्र के रूप में बदल गया। आज हुबली सूत, कपास, मूंगफली आदि का व्यापारिक केन्द्र है। यहां का

खादीग्राम उद्योग पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज का निर्माण इसी खादीग्राम उद्योग में होता है।

शिक्षा एवं चिकित्सा

शिक्षा एवं चिकित्सा के रूप में यह शहर विशेष रूप से प्रख्यात है। विश्वस्तरीय सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं उपलब्ध होने के कारण देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोग यहां पर अध्ययन करने एवं चिकित्सा प्राप्ति के लिए आते हैं। यहां पर मेडिकल, डेन्टल व इंजिनियरिंग कॉलेज हैं, जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष से विद्यार्थी अध्ययन हेतु यहां आते हैं।

हुबली में सभी धर्मों के अनुयायी शताब्दियों से रहते हैं। राजस्थानी भाईचारे की मिसाल राजस्थानी संघ इस सुदूर प्रदेश में सबको देश की माटी से जोड़े रखता है।

तेरापंथ धर्मसंघ की धर्माराधना का केन्द्र : तेरापंथ भवन

लगभग ३००० वर्ग फीट में निर्मित यहां का सभा भवन श्रावक समाज की धर्माराधना का मुख्य केन्द्र है। तेरापंथ समाज के करीब १६० परिवार प्रवासित है तथा तेरापंथ समाज के कुल सदस्यों की संख्या लगभग ६०० है। धर्मसंघ की सभी संघीय संस्थाएं अपने-अपने कार्य एवं दायित्व के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्यरत है। ज्ञानशाला का कार्य सुचारू रूप से व्यवस्थित चल रहा है।

पूज्यप्रवरों की असीम अनुकम्पा इस क्षेत्र पर हमेशा से रही है। समय-समय पर चारित्रात्माओं के चातुर्मास, समणी केन्द्र के नियमित रूप से संचालन होने में धार्मिक गतिविधियां निरन्तर चलती रहती है। पूरा श्रावक-श्राविका समाज जागरूकता एवं गुरु इंगित के अनुरूप अपना कार्य कर रहे हैं। पूज्यप्रवर की अनुकम्पा से यहां के श्रावक-श्राविका समाज को प्रदत्त संबोधन में, समाजभूषण, तेरापंथ प्रवक्ता के साथ-साथ शासनसेवी, श्रद्धानिष्ठ श्रावक, श्रद्धा की प्रतिमूर्ति से भी अलंकृत किया गया है। यहां का श्रावक समाज प्रति वर्ष गुरु दर्शनार्थ, रास्ते की सेवा में जाते हैं। गुरु कृपा से स्थानीय कई भाई-बहिन केन्द्रीय संस्थाओं में महत्त्वपूर्ण पदों पर अपना दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। ये सब बातें हमारे लिए गौरव की अनुभूति कराते हैं।

-: निवेदक :-
सोहनलाल कोठारी (९४४८५९०३९२)
अध्यक्ष
आचार्यश्री महाश्रमण मर्यादा महोत्सव व्यवस्था समिति, हुबली (कर्नाटक)

हैदराबाद

हैदराबाद दक्षिण-मध्य भारत में मूसी नदी के किनारे एवं डेक्कन पठार पर स्थित है। यह भारत के नवीनतम राज्य तेलंगाना की राजधानी है। इसका क्षेत्रफल 650 वर्ग किमी. है, एवं आबादी 80-90 लाख मानी जाती है। यहां की मुख्य भाषा तेलुगु, हिंदी व उर्दू है।

1463 में बने गोलकोंडा का गढ़ जब छोटा पड़ने लगा, तो नयी राजधानी हेतु मोहम्मद कूलि कुतब शाह ने हैदराबाद की स्थापना 1591 में चारमीनार के निर्माण से प्रारम्भ हुई। शहर का नाम अपनी गणिका ''भागमती'' के नाम से प्रेरित हो ''भाग्यनगर'' रखा एवं विवाह पश्चात् पत्नी के नए नाम ''हैदर महल'' से शहर का नाम ''हैदराबाद'' रखा। सिकन्दराबाद नया शहर है व हैदराबाद-सिकन्दराबाद नगरद्वय के बीच हुसैन सागर झील है, जो कि टैंक बंद के नाम से भी प्रसिद्ध है।

आजादी के पूर्वा हैदराबाद स्टेट भारत का सबसे समृद्ध राज्य था एवं यहां के निजाम की गिनती विश्व के सबसे अमीर लोगों में आती थी। निजाम के न्योते पर उत्तर भारत व राजस्थान के कई व्यापारियों एवं प्रशासकों ने हैदराबाद को अपना कर्म क्षेत्र व नया निवास बनाया। आजादी के पश्चात लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 17 सितम्बर 1948 को इसका विलय भारत में किया।

आज हैदराबाद भारत के आई. टी. क्षेत्र की दूसरी राजधानी मानी जाती है एवं भारतवर्ष के प्रमुख व चर्चित शहरों में एक है। इसे दक्षिण भारत का द्वार भी कहा जाता है। यह सम्पूर्ण भारतवर्ष से सड़क, रेल, हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ है।

चारमीनार, मक्का मस्जिद, चोमौहल्ला महल, फलकनुमा महल, गोलकोंडा गढ़, कुतबशाही गुम्बज, पैगाह मकबरे, पुरानी हवेली, सालार जंग संग्रहालय, टोली मस्जिद पुराने शहर के आकर्षण है, तो वहीं नए शहर में स्टेट संग्रहालय, बिरला मंदिर, बिरला प्लानेटोरियम व साइंस म्यूजियम, हाईटेक सिटी, हाईटेक्स, टैंक बंद, बुद्ध प्रतिमा, नेक्लस रोड, रामोजी फिल्म सिटी इत्यादि नए शहर के दर्शनीय स्थल हैं।

लगभग 90 किलोमीटर दूर अवस्थित, 2000 वर्ष पुराना कुलपाकजी जैन मंदिर की गिनती भारत के प्राचीन जैन मंदिरों में आती हैं। इसका मुख्य आकर्षण भगवान महावीर की विलक्षण मूर्ति है जो फीरोजा

पत्थर से निर्मित है। जैन रत्न श्री सुरेन्द बाबू लुनिया की अध्यक्षता में इस मंदिर की देख-रेख हो रही है। पर्यटक इनके अलावा यहां के लजीज खाने से भी मोहित हैं, खासकर हैदराबादी बिरयानी, कराची बिस्कुट एवं दक्षिण व्यंजन।

इसके अलावा हैदराबाद में प्रमुख शिक्षण संस्थान आई. आई. टी., बी. आई. टी. एस. पिलानी, आई. आई. आई. टी., ओस्मानिया व हैदराबाद विश्वविद्यालय हैं। कई बड़े अनुसंधान केन्द्र व अस्पताल हैं- राष्ट्रीय रक्षा, जीनोम वैली, नैनो टेक्नॉलजी पार्क, फार्मा व एल. वी. प्रसाद, ए. आई. जी., एन. आई. एम. एस., के. आई. एम. एस. कामीनेनि, अपोलो इत्यादि।

बगड़ी निवासी दौलतरामजी कातरेला हैदराबाद में बसने वाले सर्वप्रथम तेरापंथी थे। तत्पश्चात् गणाधिपति पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री तुलसी की दक्षिण यात्रा के अंतिम पड़ाव 1970 मर्यादा महोत्सव, हैदराबाद में 55 तेरापंथी परिवार थे। वर्तमान में बृहत्तर हैदराबाद में लगभग 1500 तेरापंथी परिवार हैं। हैदराबाद, सिकन्दराबाद व बोलारम में तेरापंथ भवन निर्मित है।

गणाधिपति पूज्य गुरुदेव आचार्यश्री तुलसी का 29 जनवरी 1970 को चारमीनार से भव्य जुलूस से स्वागत हुआ। 2 फरवरी 1970 को गुजराती स्कूल, सिकन्दराबाद व 3 फरवरी 1970 का साधना मंदिर, बोलारम में प्रवास हुआ। 1770 के मर्यादा महोत्सव का भव्य आयोजन अम्बरपेट स्थित पुलिस आवास ''महावीर नगर'' उपमित कॉलोनी में हुआ। इस मर्यादा महोत्सव में अणुव्रत आंदोलन, सर्वोदय सम्मेलन, विभिन्न संघ प्रभावक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 23 फरवरी 1970 को मर्यादा महोत्सव का मुख्य आयोजन हुआ। हैदराबाद के समस्त जैन समाज (चारों सम्प्रदाय) ने इससे सक्रिय सहभागिता दर्ज की।

हैदराबाद में सर्वप्रथम मुनिश्री घासीरामजी स्वामी ने 1932 में चातुर्मास किया। तत्पश्चात् आचार्य प्रवरों की कृपा से संघ के एक से एक विद्वान्, विदुषी साधु-साध्वियों के चातुर्मासों का लाभ हैदराबाद प्रवासियों को मिला है। उनमें उल्लेखनीय है शासन-स्तम्भ मंत्री मुनिश्री सुमेरमलजी (लाडनूं) एवं सहवर्ती मुनिश्री उदितकुमारजी के लगातार दो चातुर्मास जिनमें हैदराबाद समाज से धर्म-संघ में पहली दीक्षा 2005 में प्रेक्षा-प्रणेता आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के करकमलों द्वारा जयपुर में साध्वी कान्ताश्रीजी की हुई।

2013 में आचार्यश्री महाश्रमणजी ने मुनिश्री वर्धमानजी को बीदासर में दीक्षा प्रदान कर हैदराबाद को फिर से अनुग्रहित किया। पूज्यप्रवर की अनुकम्पा से 2019 का चातुर्मास मुनिश्री अर्हतकुमारजी का हुआ।

संयोग की बात है कि अब तक हैदराबाद में कुल 50 चातुर्मास हुए हैं एवं युगप्रधान आचार्यश्री तुलसी के पदार्पण को भी 50 वर्ष हो चुके हैं।

हैदराबाद का सकल समाज पलकें बिछाए गणाधिपति पूज्य गुरुदेव के सुविख्यात सुशिष्य महातपस्वी महातेजस्वी महासूर्य आचार्यश्री महाश्रमणजी को हैदराबाद की धरा पर स्वागत करने के लिए लालायित है।

अहिंसा यात्रा द्वारा जन-जन का उद्धार करने वाले परम कृपालु आचार्यश्री महाश्रमणजी अपनी धवल सेना के साथ 14 जून 2020 को चंदानगर में पदार्पण करेंगे।

हैदराबाद में धर्म-संघ की चारों मूलक संस्थाएं : तेरापंथी सभा, महिला मण्डल, युवक परिषद एवं प्रोफेशनल फोरम सक्रियता एवं जागरूकता से अपना कार्य कर रही हैं।

हैदराबाद तेरापंथ धर्म-संघ के समस्त अनुयायी पलकें बिछाए परम पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी के चरण-रजों का सोपान करने को उत्सुक है। पूज्य प्रवर ने हैदराबाद वासियों को सवाया चातुर्मास प्रदान कर असीम अनुकम्पा बरसायी है। साथ ही आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के जन्म शताब्दी समारोह का अंतिम चरण (17 से 19 जून 2020) प्रदान भी किया। हम सभी हैदराबाद वासी आपश्री के प्रति आजीवन कृतज्ञ रहेंगे।

देश-विदेश में फैले समस्त श्रावक-श्राविकाओं से विशेष अनुरोध एवं आमंत्रण देते हुए परम गौरव की अनुभूति हो रही है कि आपके आतिथ्य सत्कार का अवसर हमें अवश्य दें। चातुर्मास व्यवस्था समिति आपकी निर्विघ्न धर्मोपासना के लिए प्रतिबद्ध है।

निवेदक

सकल हैदराबाद तेरापंथ परिवार

करबद्ध, विशेषकर

आचार्यश्री महाश्रमण चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति

हैदराबाद

मनोज कुमार दूगड़	**महेन्द्र चंद भण्डारी**
महामंत्री	**अध्यक्ष**
9449051100	**9849051678**

परमश्रद्धेय शान्तिदूत महातपस्वी

आचार्यश्री महाश्रमणजी

सुस्वागतम्

निवेदक

सकल हैदराबाद तेरापंथ परिवार

करबद्ध, विशेषकर

आचार्यश्री महाश्रमण चातुर्मास प्रवास व्यवस्था समिति

हैदराबाद

मनोज कुमार दूगड़
महामंत्री
98490-51100

महेन्द्र चंद भण्डारी
अध्यक्ष
98490-51678

अध्यात्म ऊर्जा का केन्द्र : जैन विश्व भारती

विश्व इतिहास में मानव संस्कृति को सार्थक दिशा देने वाले महापुरुषों में क्रांतिकारी द्रष्टा, विश्वसंत गणाधिपति गुरुदेव श्री तुलसी एवं आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के स्वप्नों की साकार प्रतिमान जैन विश्व भारती की स्थापना शिक्षा, शोध साधना एवं सेवा के विशेष उद्देश्यों के साथ सन् 1970 में राजस्थान के नागौर जिले के लाडनूं नगर में हुई। जैन विश्व भारती अहिंसा और शांति का अनुपम सांस्कृतिक केन्द्र है। शिक्षा, शोध, साहित्य, साधना, सेवा, संस्कृति और समन्वय इन सात महान प्रवृत्तियों को अपने आप में समेटे हुए यह संस्था तपोवन का रूप ले चुकी है और यहां के प्रकंपन यह इंगित दे रहे हैं कि यह प्राचीन काल से कोई तपोभूमि रही है। तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवें अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के आध्यात्मिक संरक्षण व निर्देशन में संस्था निरन्तर गतिशील है।

शिक्षा

जैन विश्व भारती की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर हुई थी उनमें से एक मुख्य प्रवृत्ति है–शिक्षा। इस उद्देश्य की पूर्ति यहां प्राथमिक से विश्वविद्यालय स्तर तक समस्त शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जैन विश्व भारती के तत्त्वावधान में वर्तमान में विमल विद्या विहार सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, जयपुर, टमकोर एवं बैंगलोर संचालित हैं। मातृ संस्था जैन विश्व भारती के संरक्षण में जैन विश्व भारती विश्वविद्यालय से अब तक लगभग 45,000 विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त की है जिनमें सैकड़ों विद्यार्थियों ने उच्च पदों पर पहुंच कर संस्था का गौरव बढ़ाया है।

भावी पीढ़ी में संस्कारों के संरक्षण तथा आध्यात्मिक व नैतिक शिक्षा के विकास की दृष्टि से **'समण संस्कृति संकाय'** के अंतर्गत जैन विद्या की शिक्षा प्रदान की जाती है।

सेवा

शिक्षा के साथ-साथ सेवा के क्षेत्र में भी जैन विश्व भारती अग्रणी है। जैन विश्व भारती परिसर में **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** तथा बीदासर में **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी महाप्रज्ञ मानव कल्याण केन्द्र'** सुचारु रूप से संचालित हैं। **'सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला'** द्वारा चिकित्सा सेवा विषयक जन-कल्याणकारी प्रवृत्ति का संचालन किया जाता है। यहां जिन औषधियों का निर्माण होता है वे आयुर्वेद विभाग से प्राप्त ड्रग मैन्युफैक्चरिंग लाइसेन्स के अंतर्गत जी.एम.पी. प्रमाणित हैं।

प्राकृतिक चिकित्सा, एक्युप्रेशर एवं फिजियोथेरेपी पद्धति से रोगियों की चिकित्सा हेतु **'श्रीमद् आचार्यश्री तुलसी मानव कल्याण केन्द्र'** की स्थापना जैन विश्व भारती की एक इकाई के रूप में बीदासर में की गई। यहां आधुनिक उपकरणों द्वारा व्यायाम की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में केन्द्र के अंतर्गत होमियोपैथिक चिकित्सा से रोगियों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है।

साधना

प्रेक्षाध्यान–आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा निर्देशित प्रेक्षाध्यान पद्धति के निरंतर प्रयोग, प्रशिक्षण एवं शोध का केन्द्र है जैन विश्व भारती स्थित–**'तुलसी अध्यात्म नीडम्' एवं आचार्य तुलसी अन्तर्राष्ट्रीय प्रेक्षाध्यान केन्द्र।** जहां योग एवं अध्यात्म साधना के अभ्यास एवं प्रशिक्षण के द्वारा व्यक्ति के भाव परिष्कार व संवेग परिवर्तन के प्रयोग होते हैं। सन् 1978 में स्थापित तुलसी अध्यात्म नीडम् का उद्देश्य है–प्रेक्षाध्यान का प्रशिक्षण, विकास एवं अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करना।

अध्यात्म, योग और अन्य जीवनोपयोगी विषयों पर आधारित मासिक पत्रिका **'प्रेक्षाध्यान'** का विगत 36 वर्षों से जैन विश्व भारती के अंतर्गत तुलसी अध्यात्म नीडम् द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है।

साहित्य

साहित्य प्रकाशन एवं वितरण–साहित्य प्रकाशन एवं वितरण जैन विश्व भारती की महत्त्वपूर्ण गतिविधि है। आगम, जैन विद्या, जीवन विज्ञान, प्रेक्षाध्यान आदि से संबंधित साहित्य के साथ आचार्य भिक्षु, श्रीमद् जयाचार्य, आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, आचार्य महाश्रमण एवं साधु-साध्वियों, समण-समणीवृंद तथा शोधार्थियों द्वारा लिखित/सम्पादित साहित्य का प्रकाशन विगत लगभग 40 वर्षों से किया जा रहा है। जैन विश्व भारती गत 2-3 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अन्य प्रकाशकों के साथ मिलकर भी साहित्य प्रकाशन व वितरण का कार्य कर रही है।

शोध

जैन विश्व भारती की स्थापना के उद्देश्यों में **शोध** का विशेष स्थान है। पूज्य आचार्यश्री तुलसी ने इसकी स्थापना के उद्देश्यों में जैन धर्म एवं दर्शन के उच्च-स्तरीय शोध संस्थान की परिकल्पना सामने रखी थी। उसी परिकल्पना की सुखद परिणति स्वरूप जैन विश्व भारती की शोध प्रवृत्ति के अंतर्गत आगम सम्पादन का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कार्य हो रहा है। यह कार्य पूर्व में आचार्यश्री तुलसी व आचार्यश्री महाप्रज्ञजी एवं वर्तमान में आचार्यश्री महाश्रमणजी के

निर्देशन में चल रहा है। आगम सम्पादन के प्रबन्धन का सारा दायित्व जैन विश्व भारती द्वारा निर्वहन किया जा रहा है।

हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग–जैन विश्व भारती में अनेक प्राचीन एवं दुर्लभ जैन हस्तलिखित ग्रन्थ उपलब्ध हैं जिनकी सुरक्षा एवं संरक्षण जैन विश्व भारती के हस्तलिखित एवं पाण्डुलिपि विभाग के अंतर्गत किया जा रहा है।

समन्वय

पुरस्कार एवं सम्मान–जैन विश्व भारती द्वारा कुल 9 पुरस्कारों का संचालन विभिन्न प्रायोजकों के सहयोग से किया जा रहा है। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य पुरस्कार, आचार्य तुलसी अनेकान्त सम्मान, आचार्य तुलसी प्राकृत पुरस्कार, संघ सेवा पुरस्कार, जय तुलसी विद्या पुरस्कार, आचार्य महाप्रज्ञ अहिंसा प्रशिक्षण सम्मान, महादेवलाल सरावगी जैन आगम मनीषी पुरस्कार, गंगादेवी सरावगी जैन विद्या पुरस्कार आदि पुरस्कारों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं देने एवं उल्लेखनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी प्रतिभा का सम्यक् मूल्यांकन किया जाता है।

संस्कृति

तुलसी कला दीर्घा–जैन विश्व भारती में स्थित तुलसी कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) में जैन धर्म को दर्शाने वाली प्राचीन एवं अर्वाचीन चित्रों एवं हस्तकलाओं की प्रचुर सामग्री का संग्रह किया गया है। दुर्लभ, कलापूर्ण, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व की प्रदर्शन योग्य सामग्री के साथ तेरापंथ के आचार्यों को सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से संबंधित प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य सामग्री को यहां पर शो विंडो में कलापूर्ण ढंग से सुसज्जित किया गया है।

उक्त सभी गतिविधियों के साथ सुरम्य हरीतिका से सुशोभित परिसर जैन विश्व भारती के बाह्य सौन्दर्य की मुखर कहानी कह रहा है। जैन विश्व भारती परिवार आप सभी को सादर आमंत्रित करता है। आप यहां पधारें एवं यहां संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के विकास हेतु आपके अमूल्य सुझावों एवं विचारों का स्वागत है। अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें–

जैन विश्व भारती
पोस्ट : लाडनूं - 341306, जिला : नागौर (राज-)
फोन : (01581) 226080/224671
ई-मेल : contact@jvbharati.org ,
sec@jvbharati.org
वेबसाईट : www. jvbharati.org

महाप्रज्ञ वाङ्मय

पूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञ की जन्म शताब्दी के सुअवसर पर श्रद्धेय आचार्यश्री महाश्रमणजी के निर्देशानुसार दिनांक 25 अक्टूबर 2016 को चतुर्मास काल में गुवाहाटी में निर्णय लिया गया कि आचार्यश्री महाप्रज्ञजी द्वारा रचित सम्पूर्ण साहित्य का समग्र संकलन किया जाए एवं महाप्रज्ञ वाङ्मय के रूप में पुर्नप्रकाशन किया जाए। इस हेतु आदर्श आधार तुलसी वाङ्मय का रहे। जैन विश्व भारती के लिए यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि परमपूज्य आचार्यश्री महाप्रज्ञजी के समग्र साहित्य के महाप्रज्ञ वाङ्मय के रूप में प्रकाशन का कार्य दायित्व प्राप्त हुआ।

आचार्य महाप्रज्ञ जन्म शताब्दी के परिप्रेक्ष्य में आचार्यश्री महाश्रमणजी की दृष्टि के अनुसार जैन विश्व भारती को प्रदत्त आचार्य महाप्रज्ञ के साहित्य के संदर्भ में आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य प्रबंधन समिति के अंतर्गत महाप्रज्ञ वाङ्मय का कार्य सुचारू गतिमान है। साध्वीवृंद, समणीवृंद के द्वारा जैन विश्व भारती की इस परियोजना हेतु महत्त्वपूर्ण श्रम किया जा रहा है। इस परियोजना में जैन विश्व भारती द्वारा 121 पुस्तकों के प्रकाशन का दायित्व लिया गया है। इन पुस्तकों के अतिरिक्त आचार्य महाप्रज्ञजी द्वारा लिखित अन्य 25 पुस्तकों को प्रकाशन भी किया जाएगा। वर्तमान में वाङ्मय के अंतर्गत समस्त पुस्तकों के कम्पोजिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं प्रेस द्वारा मुद्रण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। महाप्रज्ञ वाङ्मय के विमोचन का लक्ष्य हुबली मर्यादा महोत्सव के दौरान रखा गया है।

महाप्रज्ञ वाङ्मय के अंतर्गत प्रकाशित होने वाली 25 अन्य पुस्तकों में से दो अंग्रेजी पुस्तकों का प्रकाशन जैन विश्व भारती द्वारा प्रतिष्ठित प्रेस प्रगति प्रकाशन एवं थाम्पसन प्रेस के माध्यम से करवाया गया। वाङ्मय श्रृंखला की अंग्रेजी पुस्तकwho is Jain Shrawak एवं Body & Soul पुस्तक का भी विमोचन हो चुका है।

जैन विश्व भारती की इस महत्त्वपूर्ण योजना हेतु 121 महानुभावों से अनुदान की घोषणा की गई है, समस्त घोषणाकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार। परियोजना के सुचारु संचालन हेतु समय-समय पर साहित्य प्रबंधन समिति की बैठकें आयोजित की गई एवं महत्त्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। 'महाप्रज्ञ वाङ्मय' के कार्य हेतु परमपूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी का पावन आशीर्वाद एवं पथदर्शन प्राप्त हो रहा है, आचार्यप्रवर के प्रति हार्दिक कृतज्ञता। आचार्यप्रवर के इंगितानुसार 'महाप्रज्ञ वाङ्मय' का कार्य मुख्यनियोजिका साध्वीश्री विश्रुतविभाजी के निर्देशन में संचालित है। मुख्यनियोजिकाजी के मार्गदर्शन हेतु हार्दिक कृतज्ञता। इस कार्य में अनेक साध्वियों एवं समणीवृंद का समय व श्रम नियोजन हो रहा है, उन सभी के प्रति हार्दिक कृतज्ञता। मुख्य रूप से कार्य की देखरेख हेतु मुमुक्षु डॉ. शांता जैन एवं सुश्री वीणा जैन की सेवाओं हेतु हार्दिक आभार। आचार्य महाप्रज्ञ साहित्य प्रबंधन समिति के संयोजक श्री सुरेन्द्र चोरड़िया एवं समिति सदस्य श्री मनोज लुनिया, श्री संजय धारीवाल एवं श्री राकेश कठोतिया के सहयोग हेतु आभार।

आचार्य महाश्रमण

जन्म :	वि.सं. 2019, वैशाख शुक्ला नवमी (13 मई 1962) सरदारशहर
पिता :	स्व. श्री झूमरमलजी दूगड़
माता :	स्व. श्रीमती नेमादेवी दूगड़
दीक्षा :	वि.सं. 2031 वैशाख शुक्ला चतुर्दशी (5 मई 1974) सरदारशहर
अन्तरंग सहयोगी :	वि.सं. 2042, माघ शुक्ला सप्तमी (16 फरवरी 1986) उदयपुर
साझपति :	वि.सं. 2043, वैशाख शुक्ला चतुर्थी (13 मई 1986) ब्यावर
महाश्रमण पद :	वि.सं. 2046, भाद्रव शुक्ला नवमी (9 सितम्बर 1989) लाडनूं
युवाचार्य पद :	वि.सं. 2054, भाद्रव शुक्ला द्वादशी (14 सितम्बर 1997) गंगाशहर
आचार्य पदाभिषेक :	वि.सं. 2067, द्वितीय वैशाख शुक्ला दशमी (23 मई 2010) सरदारशहर
महातपस्वी :	वि.सं. 2064, भाद्रपद शुक्ला पंचमी (17 सितम्बर 2007) उदयपुर
शान्तिदूत :	वि.सं. 2068, ज्येष्ठ कृष्णा द्वादशी (29 मई 2011) उदयपुर
श्रमण संस्कृति उद्गाता :	वि.सं. 2069, आश्विन कृष्णा चतुर्दशी (14 अक्टूबर 2012) जसोल
प्रकाशित पुस्तकें :	आओ हम जीना सीखें, दुःख मुक्ति का मार्ग, क्या कहता है जैन वाङ्मय, संवाद भगवान से (भाग-1,2), शिक्षा सुधा, शेमुषी, मेरे गीत, धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, महात्मा महाप्रज्ञ, सुखी बनो, संपन्न बनो, विजयी बनो, रोज की एक सलाह, शिलान्यास धर्म का, अदृश्य हो गया महासूर्य, निर्वाण का मार्ग, परमसुख का पथ, १८ पाप।

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रमुख कृतियां

दुःख मुक्ति का मार्ग

आचार्यश्री महाश्रमण ने इस पुस्तक में साधना के रहस्यों को प्रस्तुत किया है। सुख, शांति और आनंद की प्राप्ति में यह कृति मार्गदर्शक की भूमिका अदा करती है।

क्या कहता है जैन वाङ्मय

इस पुस्तक में जैन शास्त्रों में उपलब्ध सफलता के सूत्रों में से चुनिंदा मोतियों को पिरोया गया है। प्रस्तुत कृति आचार्यश्री महाश्रमण के हृदयस्पर्शी प्रवचनों का महत्त्वपूर्ण संग्रह है।

आओ हम जीना सीखें

जीता हर कोई है, किन्तु कलापूर्ण जीना कोई-कोई जानता है। प्रस्तुत पुस्तक में आचार्यश्री महाश्रमण ने कलात्मक जीवन के सूत्रों को प्रकाशित करते हुए जीवन की प्रत्येक क्रिया का व्यवस्थित प्रशिक्षण दिया है। वस्तुतः यह कृति 'कैसे जीएं' इस प्रश्न का सटीक समाधान है।

संवाद भगवान से

प्रतिष्ठित जैनागम उत्तराध्ययन के २९वें अध्ययन पर आधारित इस पुस्तक में भगवान महावीर और उनके प्रमुख शिष्य गौतम के रोचक संवाद के माध्यम से मन में संशय पैदा करने वाले प्रश्नों को विस्तृत रूप में समाहित किया गया है। यह कृति दो भागों में उपलब्ध है।

महात्मा महाप्रज्ञ

युगप्रधान आचार्यश्री महाप्रज्ञ तेरापंथ के आचार्य, अनुशास्ता, साहित्यकार और प्रवचनकार थे। इन सबसे पहले वे एक सन्त थे, महात्मा थे, उनकी आत्मा में महानता थी। उनके उत्तराधिकारी आचार्यश्री महाश्रमण ने उन्हें नजदीकी से देखा और जाना। प्रस्तुत पुस्तक में श्री महाप्रज्ञ के नौ दशकों के इतिहास और रहस्यों को उजागर किया गया है।

रोज की एक सलाह

लघु आकार में प्रस्तुत यह पुस्तक 'गागर में सागर' उक्ति को चरितार्थ करती है। आचार्य महाश्रमण द्वारा सूक्तियों में दी गई 'रोज की एक सलाह' हर व्यक्ति के लिए प्रतिदिन की पर्याप्त खुराक है। सदा साथ रखी जा सकने वाली यह कृति न केवल सफलता की प्राप्ति में सहायक है, अपितु व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान में भी इसकी उपयोगिता असंदिग्ध है।

१. सुखी बनो २. सम्पन्न बनो ३. विजयी बनो

आचार्य महाश्रमण ने प्रस्तुत तीनों पुस्तकों में श्रीमद्भगवद्गीता और उत्तराध्ययन की तुलनात्मक विवेचना करते हुए साधक का सुन्दर पथदर्शन किया है। तीन भागों में उपलब्ध यह ग्रन्थमाला जहां दो महनीय ग्रन्थों को युगीन रूप में प्रस्तुति देती है, वहीं अध्यात्मरसिकों के लिए पोषक का कार्य भी करती है।

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं

आचार्यश्री महाश्रमण की प्रस्तुत पुस्तक में जैन तत्त्वज्ञान, साधना के प्रयोगों, महापुरुषों और उनके अवदानों आदि विविध विषयों से संबद्ध उपयोगी और प्रेरणास्पद सामग्री संजोई गई है।

शिलान्यास धर्म का

धर्म का आदि बिन्दु है–सम्यक्त्व। आचार्य महाश्रमण की प्रस्तुत कृति सम्यक्त्व, उसके लक्षण, दूषण, भूषण तथा देव, गुरु, धर्म आदि विषयों पर आधारित प्रवचनों और प्रश्नोत्तरों का संग्रह है। जैन अनुयायियों की आस्था के दृढ़ीकरण में यह कृति सहायक की भूमिका अदा करती है।

निर्वाण का मार्ग

अध्यात्म साधना का अन्तिम लक्ष्य है–निर्वाण। भगवान् महावीर और गौतम बुद्ध ने वर्षों तक साधना कर निर्वाण के रहस्यों को प्राप्त किया और जनता को दिखाया–निर्वाण का मार्ग। जैनागम उत्तराध्ययन और बौद्धग्रंथ धम्मपद पर आधारित आचार्यश्री महाश्रमण की प्रलम्ब प्रवचनमाला के चुनिंदा मोतियों से निर्मित इस पुस्तक को पढ़कर अध्यात्मरसिक व्यक्ति परम सुख का पथ प्राप्त कर सकता है।

● प्राप्ति स्थान ●

जैन विश्व भारती, लाडनूं–8742004849, आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल–7002359890

ई-मेल : **contact@jvbharati.org, books@jvbharati.org**

नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान

दुनिया में शक्ति का महत्त्व होता है। शक्तिहीन व्यक्ति अपने आप में रिक्तता अनुभव करता है। कभी-कभी शक्तिविहीन मनुष्य अपने आपको दयनीय और असहाय भी अनुभव करता है। सबसे बड़ी शक्ति आध्यात्मिक शक्ति होती है। अन्य शक्तियों का भी अपना-अपना महत्त्व होता है।

गुरुदेवश्री तुलसी और आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने नवाह्निक आध्यात्मिक अनुष्ठान का एक नया उपक्रम प्रारंभ किया। आचार्यश्री महाश्रमण के निर्देशन में वह उसी रूप में विधिवत् चल रहा है। उसका उद्देश्य है—आत्मशुद्धि और ऊर्जा का विकास। उसकी कालावधि आश्विन शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की निर्धारित की गई है। चैत्र शुक्ला प्रथमा से प्रारंभ कर निरंतर नौ दिनों की कालावधि में भी इसकी आराधना की जा सकती है। संपूर्ण विधि एवं समय सारिणी इस प्रकार निश्चित की गई है—

प्रातः ९.३० से १०.००

'चंदेसु निम्मलयरा आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु' — का पांच बार पाठ
चंदेसु निम्मलयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आइच्चेसु अहियं पयासयरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु—का तेरह बार पाठ
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का तेरह बार पाठ
आरोग्ग बोहिलाभं, समाहिवरमुत्तमं दिंतु — का तेरह बार पाठ
सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु — का इक्कीस बार पाठ
'चंदेसु निम्मलयरा, आइच्चेसु अहियं पयासयरा
सागरवरगंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।' — का पांच बार पाठ

ॐ ह्रीं क्लीं ब्लूं

धम्मो मंगलमुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणो।।१।।
जहा दुमस्स पुप्फेसु, भमरो आवियई रसं।
न य पुप्फं किलामेइ, सो य पीणेइ अप्पयं।।२।।
एमेए समणा मुत्ता, जे लोए संति साहुणो।
विहंगमा व पुप्फेसु, दाणभत्तेसणे रया।।३।।
वयं च वित्तिं लब्भामो, न य कोई उवहम्मई।
अहागडेसु रीयंति, पुप्फेसु भमरा जहा।।४।।
महुकारसमा बुद्धा, जे भवंति अणिस्सिया।
नाणापिंडरया दंता, तेण वुच्चंति साहुणो।।५।।—का सात बार पाठ

प्रातः १०.०० से १०.३०—आध्यात्मिक प्रवचन

मध्याह्न २.३० से ३.१५ आगम पाठ का स्वाध्याय।

(दसवेआलियं, उत्तरज्झयणाणि आदि के मूल पाठ का स्पष्ट व शुद्ध उच्चारण एवं व्याख्या)

पश्चिम रात्रि–४.४५ से ५.३०

उवसग्गहरं पासं (उपसर्गहर स्तोत्र) आदि पांच श्लोक एवं 'ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण' का नौ बार पाठ। फिर 'विघनहरण' का जप।

उपसर्गहर स्तोत्र

उवसग्गहरं पासं, पासं वंदामि कम्मघणमुक्कं।
विसहर-विसनिन्नासं, मंगल-कल्लाण आवासं।।१ ।।
विसहर-फुलिंग-मंतं, कंठे धारेइ जो सया मणुओ।
तस्स गह-रोग-मारी, दुट्ठ जरा जंति उवसामं।।२ ।।
चिट्ठउ दूरे मंतो, तुज्झ पणामो वि बहुफलो होइ।
नरतिरिएसु वि जीवा, पावंति न दुक्ख-दोहग्गं।।३ ।।
तुह सम्मत्ते लद्धे, चिन्तामणि-कप्पपायपब्भहिए।
पावंति अविग्घेणं, जीवा अयरामरं ठाणं।।४ ।।
इह संथुओ महायस! भत्तिब्भर-निब्भरेण हियएण।
ता देव! दिज्ज बोहिं, भवे भवे पास जिणचंद।।५ ।।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमिऊण पास
विसहर वसह जिण फुल्लिंग ह्रीं श्रीं नमः ।।

विघनहरण

विघनहरण मंगलकरण, स्वाम भिक्षु रो नाम।
गुण ओलख सुमिरण करै, सरै अचिंत्या काम।।

जप और आगम-स्वाध्याय के साथ तप का योग भी आवश्यक माना गया है। तप में एकासन, आयंबिल, षड्विगय वर्जन, पंच विगय वर्जन और दस प्रत्याख्यान में से किसी एक तप की आराधना इस अवधि में की जाए। व्यक्तिगत इच्छा के अनुसार नौ दिनों तक एक ही तप अथवा वैकल्पिक तप की आराधना की जा सकती है।

निर्धारित कालावधि और करणीय क्रम को यथावत् रखते हुए स्थानीय सुविधानुसार समय में परिवर्तन भी किया जा सकता है। साधु-साध्वियों की भांति श्रावक-श्राविकाएं भी इसमें संभागी बन सकते हैं। संभागी श्रावक-श्राविकाओं के लिए निम्नांकित नियम भी अनुष्ठान काल में पालनीय हैं–

ब्रह्मचर्य का पालन, रात्रि भोजन-विरमण (चौविहार/तिविहार), जमीकंद का वर्जन।

अनुष्ठान का प्रारंभ प्रथम दिन प्रातः ९.३० से यानी प्रातःकालीन सत्र में किया जाए एवं अनुष्ठान का समापन रात्रि के ५.३० बजे यानी रात्रिकालीन सत्र में किया जाए।

स्पष्ट लक्ष्य के साथ जीने वाला व्यक्ति अपने जीवन को
सार्थक व सुफल बना सकता है।

-आचार्य महाश्रमण



श्रद्धावनत

भीखमचंद जीतमल चोरड़िया

बीदासर

J. M. Jain

Cloth Merchant & Commission Agents

2285/9, Gali Hinga Beg, Tailak Bazar, Delhi-110006

जैन विश्व भारती, लाडनूं में संचालित

सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला

शास्त्रीय विधान से निर्मित जीएमपी प्रमाणित विश्वसनीय विशिष्ट आयुर्वेदिक औषधियां

SEVABHAVI
DEDICATED TO AYURVED

क्र. सं.	औषध का नाम	उपयोग	वजन (ग्राम)	मूल्य
01.	सेवाभावी सुपर्वप्राश (मकरध्वज, केशर, चांदी भस्म युक्त)	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक पौष्टिक योग	900 500	800/- 480/-
02.	सेवाभावी स्पेशलप्राश (केशर, रससिंदूर,पौष्टिक योग चांदी भस्म युक्त)	शक्तिवर्धक व स्फूर्तिदायक	900 500	620/- 370/-
03.	दंतफ्रेश टूथपेस्ट	दंत रोगों में उपयोगी	100	50/-
04.	सेवाभावी प्रतिदिनम् चूर्ण	कब्ज को दूर करने में उपयोगी	100 500	60/- 270/-
05.	सेवाभावी अग्निसंदीपन चूर्ण	पाचक एवं गैस निवारक	100 500	130/- 590/-
06.	सेवाभावी तुलसीप्रभावटी	मधुमेह (शुगर) में उपयोगी	30 100	170/- 540/-
07.	सेवाभावी अर्जुनघनसत्व वटी	रक्तचाप व हृदयरोग में उपयोगी	10 100	40/- 360/-

08.	सेवाभावी दिव्यतेज वटी	जुखाम, बुखार आदि में उपयोगी	05	80/-
09.	सेवाभावी कंठसुधाकर वटी	कफ, खांसी आदि में उपयोगी	10	50/-
			100	450/-
10.	सेवाभावी अमृतम् पिल्स	मुख शोधक	05	80/-
11.	सेवाभावी सितोपलादि योग	पुरानी खांसी, श्वास, फेफड़ों के रोग में उपयोगी	30 पुड़िया	270/-

: नोट :

✦ औषधियां चिकित्सक की सलाहनुसार सेवन करें।

✦ सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला द्वारा निर्मित उक्त औषधियों के अतिरिक्त लगभग 150 प्रकार की अन्य औषधियां पूर्ण शास्त्रीय विधि से प्रामाणिक रूप में तैयार की जाती है।

औषधियां मंगवाने के लिए संपर्क करें

सेवाभावी आयुर्वेदिक रसायनशाला

जैन विश्व भारती परिसर, पोस्ट : लाडनूं-341306
जिला : नागौर (राजस्थान)
संपर्क : 01581-226969, 97849-31457, 90576-05440
Email : contact@sevabhaviayurveda.com

ऑनलाईन स्टोर से प्राप्त करने हेतु : www.sevabhaviayurveda.com

✳ महेन्द्रा आयुर्वेद सेन्टर, बैंगलोर , 94820-82782 ✳ आचार्य महाश्रमण प्रवास स्थल (चल औषधि विक्रय केन्द्र) 99283-93902

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

अपने आराध्य के प्रति
सर्वात्मना समर्पित हो जाओ।
फिर देखो,
मंजिल तुम्हारा स्वागत करने तैयार मिलेगी।

-आचार्य महाश्रमण

श्रद्धावनत

अमरचंद धरमचंद लुंकड़

राणावास - चेन्नई

विषय-प्रवेश

कोष्ठक विवरण

जय-तिथि-पत्रक का पहला कोष्ठक अंग्रेजी दिनांक का है और फिर वार का है। उसके बाद तिथि का कोष्ठक है। उसके आगे के दो कोष्ठक में क्रमशः इतने बजे व मिनट तक का संकेत है। छठा कोष्ठक नक्षत्र का है। सातवें व आठवें में नक्षत्र के कितने बजे व मिनट तक का सूचन है। नौवें व दसवें में क्रमशः सूर्योदय व सूर्यास्त कितने बजे होता है इसका निदर्शन है। सूर्योदय व सूर्यास्त लाडनूं को केन्द्र मानकर स्टेण्डर्ड टाइम में दिया गया है। ग्यारहवें कोष्ठक में प्रथम प्रहर कितने बजे आती है तथा बारहवें कोष्ठक में दिन का एक प्रहर कितने घंटे व मिनट का होता है, इसका दिग्दर्शन है। तेरहवें कोष्ठक में चन्द्रमा तथा चौदहवें कोष्ठक में विशेष विवरण के अंतर्गत योग तथा भद्राकाल है। ये भी बजे व मिनट के क्रम से हैं।

तिथि-पत्रक में बजे-मिनट रेलवे समय-सारिणी पद्धति से दिये गये हैं। मध्य रात्रि में १२ बजे से रेलवे समय सारिणी के अनुसार २४ बजे होता है, के बाद ०० समय से शुरू कर २४ बजे तक २४ घंटे मानते हुए चलता है। जैसे–चैत्र शुक्ला तृतीया २२/१४ बजे है। इसका तात्पर्य है–यह तिथि उस दिन २२ बजकर १४ मिनट तक है। अर्थात् रात्रि में १० बजकर १४ मिनट तक है। चैत्र शुक्ला प्रतिपदा १७/२८ बजे है। इसका अर्थ है यह तिथि उस दिन सायं ५ बजकर २८ मिनट तक रहेगी। इसी तरह चैत्र शुक्ला द्वादशी को मघा नक्षत्र १४/५८ बजे है। अर्थात् उस दिन दोपहर २ बजकर ५८ मिनट तक है।

तिथि व नक्षत्र के बजे-मिनट बराबर में हैं। वे बजे, मिनट से स्पष्ट हैं। चंद्रमा के आगे संख्या ऊपर नीचे हैं। चंद्रमा के ऊपर वाली संख्या बजे व नीचे वाली मिनट है। जैसे–चैत्र शुक्ला द्वितीया को चंद्रमा मेष राशि में $\frac{०७}{१७}$ अर्थात् प्रातः ७ बजकर १७ मिनट पर मेष राशि में प्रवेश करेगा। चंद्रमा के लिए इतना विशेष है कि उसका प्रवेश काल दिया है। विशेष विवरण स्पष्ट है। इसमें योग व अन्य के आगे संख्या बराबर में हैं।

तिथि, नक्षत्र आदि के साथ जहां शून्य (०) अंकित है, वह उस दिन 'पूरे दिन और पूरी रात' है अर्थात् वह तिथि या नक्षत्र उस दिन सूर्योदय से पूर्व शुरू हो गया और दूसरे दिन सूर्योदय होने के बाद तक रहा। वह समय अगले दिन की पंक्ति में है। जैसे–बैशाख कृष्णा द्वादशी को पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के आगे (०) अंकित है जिससे यह नक्षत्र पूरे दिन-रात है। बैशाख कृष्णा अमावस्या (प्रथम) के आगे (०) अंकित है अर्थात् यह तिथि पूरे दिन-रात है।

सूर्यास्त से लेकर सूर्योदय होने के ठीक पहले तक का समय ''रात्रि समय'' और उसके बाद ''दिवा समय'' होता है।

विशेष विवरण के कोष्ठक में प्रदत्त योगों के सांकेतिक अक्षरों में पूर्ण नाम इस प्रकार हैं :–

- र.–रवि योग (शुभ व कुयोगनाशक)
- अ.–अमृत सिद्धि योग (शुभ)
- राज.–राजयोग (शुभ)
- कु.–कुमार योग (शुभ)
- सि.–सिद्धि योग (शुभ)
- मृ.–मृत्यु योग (अशुभ)

● व्या.–व्याघात योग (अशुभ) ● वै.–वैधृति (अशुभ)
● व्य.–व्यतिपात योग (अशुभ) ● ज्वा.–ज्वालामुखी योग(अशुभ)
● पं.–पंचक (अशुभ) घास, लकड़ी एकत्र करने, घर की छत बनाने, दक्षिण यात्रा करने में वर्जित।
● भ.–भद्राकाल (शुभ-अशुभ दोनों) ● यम.–यमघंट योग (अशुभ)

नोट : शास्त्रीय मान्यता है कि मध्याह्न के पश्चात् अशुभ योगों का दोष नहीं रहता।

भद्रा-काल

श्रेष्ठ कार्यों में भद्रा-काल होना वर्जित है, किन्तु शास्त्रकारों ने भद्रा को शुभ भी माना है, जो इस प्रकार है–मेष, वृष, मिथुन और वृश्चिक के चंद्रमा में भद्रा का वास स्वर्ग में रहता है। यह भद्राकाल शुभ और ग्राह्य है।

कन्या, तुला, धनु और मकर के चन्द्रमा में भद्रा का वास नागलोक (पाताल) में रहता है। यह भद्राकाल भी लक्ष्मीदायक-धनदायक होने से शुभ है।

कुंभ, मीन, कर्क और सिंह के चंद्रमा में भद्रा का वास मृत्युलोक में होता है। यह अशुभ है, इसलिए शुभ कार्यों में सर्वथा वर्जनीय है।

भद्राकाल समय-विशेष के साथ शुभ भी बताया है।

शुक्ल पक्ष की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और कृष्ण पक्ष की भद्रा सर्वसंज्ञक है। मतान्तर से रात्रि की भद्रा वृश्चिक संज्ञक और दिन की भद्रा सर्वसंज्ञक है। सर्वसंज्ञक भद्रा के मुख की पांच घटी (२ घंटा) और वृश्चिक संज्ञक भद्रा की पुच्छ की तीन घटी (१ घंटा १२ मि.) शुभ कार्य में त्याज्य है।

तिथि-पत्रक के विवरण पृष्ठों के बाद कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बैंगलोर व जोधपुर–इन छह शहरों के महीने की पहली व सोलहवीं तारीख के सूर्योदय व सूर्यास्त का समय दिया गया है।

समय-सारिणी के बाद नक्षत्र के नाम का अक्षर और राशि की तालिका है। फिर राशि स्वामी एवं गुरु दर्शन के नक्षत्र हैं। फिर घातचक्र है। इसके बाद यात्रा में चंद्र विचार, योगिनी विचार चक्र, दिशाशूल विचार चक्र तथा काल-राहू विचार चक्र है। इनसे अगले पृष्ठ पर सुयोग-कुयोग चक्र है। अंतिम पृष्ठ पर पोरसी प्रमाण, राहुकाल, दिन एवं रात्रि के चौघड़िये हैं।

चौघड़िया-अवलोकन

दिन का चौघड़िया सूर्योदय से प्रारंभ होता है तथा रात्रि का चौघड़िया सूर्यास्त से प्रारंभ होता है। एक दिन में आठ चौघड़िये व रात्रि में आठ चौघड़िये होते हैं।

चौघड़िया का काल दिन-रात छोटे-बड़े होने के अनुसार न्यूनाधिक होता रहता है। प्रत्येक दिन के सूर्योदय से सूर्यास्त तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने पर जो एक भाग प्राप्त होगा वह उस दिन में एक चौघड़िया का मान होगा, अर्थात् दिन की समयावधि का आठवां हिस्सा एक चौघड़िया होता है। इसी प्रकार सूर्यास्त से अगले सूर्योदय तक की समयावधि को आठ से विभाजित करने से प्राप्त होने वाला एक हिस्सा रात्रि के चौघड़िये का मान होता है। अर्थात् रात्रि की समयावधि का आठवां हिस्सा रात्रि का एक चौघड़िया होता है।

चौघड़िये में उद्वेग, काल और रोग–ये तीन अशुभ हैं। शेष तीन लाभ, अमृत और शुभ–ये चौघड़िये श्रेष्ठ होते हैं। शुक्र के अर्थात् चल (चंचल) वेला के चौघड़िये को भी अच्छा मानते हैं। श्रेष्ठ चौघड़िये में सभी कार्य करने प्रशस्त हैं। अमृत का चौघड़िया सभी शुभ कार्यों में अत्युत्तम है।

इस तिथि-पत्रक में लाडनूं को केन्द्र मानकर सूर्योदय एवं सूर्यास्त दिया गया है। उससे पूर्व दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट पहले सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। उससे पश्चिम दिशा वाले स्थानों में प्रति तीस किलोमीटर पर एक-एक मिनट बाद में सूर्योदय व सूर्यास्त होगा। लाडनूं अक्षांश २७°-४०°, उत्तर पर है। रेखांश ७४°-२४° पूर्व है। अयनांश २३° १७'-१८' रेखांतर ३२ मिनट २० सैकिण्ड है। बेलान्तर+२ मिनट ३२ सैकिण्ड है। पलभा ६-१० है।

धार्मिक उपासना में पर्व तिथियों का अपना महत्त्व होता है। पक्खी आदि का प्रतिक्रमण तिथि के आधार पर करना होता है। पहले इसे 'पक्खी' के नाम से संत तैयार करते थे। बाद में इसका विस्तृत रूप 'लघु पंचांग', 'जय पंचांग' के रूप में सामने आया। वर्तमान में यह 'जय तिथि पत्रक' के नाम से प्रकाशित हो रहा है। सन् १९८४ (सं. २०४१) से पूज्य आचार्यों के निर्देश से 'शासन स्तंभ' मंत्रीमुनिश्री सुमेरमलजी के द्वारा संपादन होने लगा जो सन् २०१९ (सं. २०७६) ३६ वर्षों तक अनवरत चलता रहा। इस वर्ष अक्षय तृतीया के दिन (७ मई २०१९) मंत्रीमुनिश्री का देवलोकगमन हो गया। परम पूज्य आचार्यप्रवर ने यह कार्य दायित्व मुझे सौंपा। पूज्यप्रवर के कृपा प्रसाद व श्रद्धेय मंत्रीमुनिश्री के आशीर्वाद से इस दिशा में गतिमान बना रहूं, यही अभीप्सा है।

२७ अक्टूबर २०१९ **मुनि उदितकुमार**
तेरापंथ भवन, जयपुर

विशेष अवगति

वर्ष के दिन–इस वर्ष मास-१३, पक्ष-२६, तिथि क्षय-१७, तिथि वृद्धि-११, कुल-दिन ३८४

गाज बीज की अस्वाध्याय नहीं–आषाढ़ कृष्णा ३०, रविवार, दिनांक २१ जून २०२० से द्वितीय आश्विन कृष्णा ७, शुक्रवार, २३ अक्टूबर २०२० तक।

सूर्य ग्रहण–आषाढ़ कृष्णा ३०, रविवार, दिनांक २१ जून २०२०

चन्द्र ग्रहण–ज्येष्ठ शुक्ला १५, शुक्रवार, दिनांक ५ जून २०२०

मलमास–(i) वर्ष प्रारंभ से वैशाख कृष्णा ६, सोमवार, दिनांक १३ अप्रैल २०२० तक रहेगा। यह पिछले वर्ष चैत्र कृष्णा ६, शनिवार, दिनांक १४ मार्च २०२० से प्रारंभ हो चुका था।

(ii) मार्गशीर्ष शुक्ला १, मंगलवार, दिनांक १५ दिसम्बर २०२० से प्रारंभ, पौष शुक्ला २, शुक्रवार, दिनांक १५ जनवरी २०२१ तक।

(iii) फाल्गुन शुक्ला १, रविवार, दिनांक १४ मार्च २०२१ से प्रारंभ, अगले वर्ष तक चलेगा।

तारा–(१) गुरु अस्त : पौष शुक्ला ६, मंगलवार, दिनांक १९ जनवरी २०२१ से प्रारंभ, माघ कृष्णा ३०, गुरुवार, दिनांक ११ फरवरी २०२१ को संपन्न।

(२) शुक्र अस्त : (i) ज्येष्ठ शुक्ला ९, रविवार, दिनांक ३१ मई २०२० से प्रारंभ, आषाढ़ कृष्णा २, रविवार, दिनांक ७ जून २०२० को संपन्न।

(ii) माघ शुक्ला ९, रविवार, दिनांक २१ फरवरी २०२१ से प्रारंभ होकर वर्ष के अन्त तक रहेगा।

नोट–ग्रहण, मलमास तथा गुरु, शुक्र के अस्तकाल में विशिष्ट शुभ कार्य वर्जनीय हैं।

विशेष ज्ञातव्य

(क) विशेष मुहूर्त्त

(१) अभिजित मुहूर्त्त, (२) रवियोग, (३) अमृत का चौघड़िया

(४) दीपावली का प्रदोषकाल (सूर्यास्त से दो घड़ी-४८ मिनट तक)

(५) पुष्य नक्षत्र के साथ रविवार या गुरुवार सदा श्रेष्ठ माना जाता है। गुरु-पुष्य विवाह में वर्जित है।

(ख) यात्रा के लिए आवश्यक

(१) यात्रा-कर्ता की जन्म-राशि से यात्रा दिन का चंद्रमा चौथे, आठवें में स्थित न हो। पंचांग में घातचक्र में दिये गये चंद्रमा को भी टालें। (जन्म-राशि ज्ञात न होने से प्रचलित नाम राशि)।

(२) यात्रा के समय सम्मुख चंद्रमा हो तो सब दोष नष्ट माने जाते हैं। पूर्व दिशा में जाने के लिए मेष, सिंह, धन का चंद्रमा, पश्चिम में मिथुन, तुला और कुंभ का, दक्षिण में वृष, कन्या, मकर का और उत्तर में कर्क, वृश्चिक और मीन का चंद्रमा सम्मुख रहता है। दाहिना चंद्रमा भी शुभ है।

(३) यात्रा-योग न मिलने पर अमृत का चौघड़िया अथवा अभिजित मुहूर्त्त सदैव ग्राह्य है। बुधवार को अभिजित शुभ नहीं।

(४) राहू काल-कुवेला का समय वर्जनीय है।

(५) मृत्यु योग आदि अशुभ योग वर्जनीय है।

(ग) यात्रा के लिए अन्य ज्ञातव्य

(१) सोमवार और शनिवार को पूर्व में, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम में, मंगलवार और बुधवार को उत्तर में तथा गुरुवार को दक्षिण में यात्रा न करें, क्योंकि दिशाशूल रहता है।

(२) उषाकाल में पूर्व में, गोधूलिकाल में पश्चिम में, मध्याह्न में दक्षिण में तथा मध्य रात्रि में उत्तर में यात्रा न करें, क्योंकि समयशूल रहता है।

(३) ज्येष्ठा नक्षत्र में पूर्व को, पूर्वाभाद्रपद में दक्षिण को, रोहिणी में पश्चिम को तथा उत्तराफाल्गुनी में उत्तर को यात्रा न करें, क्योंकि नक्षत्र-शूल रहता है।

(४) धनिष्ठा का उत्तरार्ध, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती को पंचक कहते हैं। इन दिनों में दक्षिण की ओर यात्रा वर्जनीय है।

(५) तिथियां ४,६,८,९,१२,१४,३० और शुक्ल पक्ष की एकम यात्रा के लिए शुभ नहीं है।

(६) भरणी, कृतिका, आर्द्रा, आश्लेषा, मघा, चित्रा, स्वाति और विशाखा नक्षत्र यात्रा के लिए शुभ नहीं है।

(७) अश्विनी, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, श्रवण, धनिष्ठा, रेवती यात्रा में विशेष शुभ नक्षत्र माने जाते हैं।

(८) उत्तर में २,१०; दक्षिण में ५,१३; पूर्व में १,९; पश्चिम में ६,१४ तिथियों में योगिनी रहती है। योगिनी के सामने या दाहिने होने पर यात्रा वर्जनीय है।

(९) पूर्व में शनिवार को, पश्चिम में मंगलवार को, उत्तर में रविवार को

तथा दक्षिण में गुरुवार को यात्रा का निषेध है क्योंकि काल-राहू सम्मुख रहता है।

(१०) शनिवार और बुधवार को ईशान कोण (पूर्वोत्तर) में, मंगलवार को वायव्य (पश्चिमोत्तर) में, रविवार, शुक्रवार को नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) में तथा सोमवार, गुरुवार को आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में विदिशाशूल है अतः यात्रा में वर्जनीय है।

दिशा-शूल परिहार–रवि को तांबूल, सोम को चंदन, मंगल को मट्ठा, बुध को पुष्प, गुरु को दही, शुक्र को घृत व शनि को तिल खाकर या देकर यात्रा करने में दिक्शूल-दोष मिटता है।

शकुन–यात्रा के समय लोहा, तेल, घास, मट्ठा, पत्थर, लकड़ी, बिलाव मिले तो अशुभ व दही, चावल, चांदी का घड़ा, पुष्प, हंस तथा मुर्दा शुभ है।

सुयोग के सामने सभी कुयोगों का नाश

